## महत्वपूर्ण एवं खास

### परीक्षाओं के चलते मार्च से लगेगा ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर प्रतिबंध

बेमेतरा, **(आरएनएस)।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कार्तिकेया गोयल ने जिले में आगामी माह से प्रारंभ होने वाली हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा को ध्यान में रखते हुए कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की वैधानिक प्रावधानों में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बेमेतरा जिला सीमा क्षेत्र में तीव्र संगीत, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग तथा कोलाहल का प्रतिषेध एवं मोटरयान के विद्युत हार्न को प्रतिबंधित किया है। जिला दंडाधिकारी का यह आदेश हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा संपन्न तिथि तक प्रभावशील रहेगा। जिला दंडाधिकारी के आदेशानुसार रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे के मध्य किसी भी स्थान में तीव्र संगीत बजाया अथवा बजवाया नहीं जायेगा, ध्वनि विस्तार यंत्र चलाया अथवा चलवाया नहीं जायेगा तथा उक्त समयावधि में किसी प्रकार का कोलाहल प्रतिबंधित रहेगा। इसी प्रकार कोई व्यक्ति वाहन से कोई ऐसा विद्युत हॉर्न इस प्रकार नहीं बजायेगा जिससे सामान्य पैदल चलने वाले व्यक्ति घबरा जाये या व्यक्ति को जिसे सुनकर क्षोभ या संत्रास कारित हो। अपवाद स्वरूप यह प्रतिबंध अधिनियम की धारा-13 के जिन्हें कानून द्वारा छूट प्रदान की गई है उन पर लागू नहीं होगा। यदि किसी व्यक्ति को विशेष प्रयोजन के लिए छूट की आवश्यकता हो तो वह अनुविभागीय दंडाधिकारी से लिखित अनुमति प्राप्त कर सकेगा। अनुमति दिए जाने के उपरांत यदि अनुविभागीय दंडाधिकारी उचित समझते है कि शर्तों का पालन नहीं किया जा रहा है तो अनुमति निरस्त कर सकेंगे। बिना अनुमति के लाउड स्पीकर बजाने पर लाउड स्पीकर जप्त किए जाएंगे। जिले के समस्त पुलिस थाना के थाना प्रभारियों को भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग पर प्रतिबंध के लिए शक्ति से कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए है।

### 6 माह से फरार हाई प्रोफाईल ठगी के आरोपी जबलपुर से

भिलाई, **(आरएनएस)।** घटना में मोबाईल साप्टवेय निर्माण एवं बीमा करने से संबंधित एप्स डेली साल्युशान नाम की कंपनी आरोपी अरुण मेमन मीरा रोड़ मुम्बई में खोली गई थी जिसमें मोबाईल का बीमा कराया जाता था कि प्रार्थी ने प्रताप नायक निवासी सेक्टर-5 जिसका आकाश गंगा सुपेला प्रीति मोबाईल के नाम से मोबाईल डिस्टबूयूटर का कार्य है ने थाना सुपेला में रिपोर्ट लिखाई कि शाप नं.-114-115 डिल्लन काम्पलेक्स सुपेला में प्रीति इन्टरप्राईजेंस के नाम से मोबाईल डिस्टबूयटर का कार्य करता हूँ कि मेरे साथ एप्स डेली साल्युशान प्राईवेंट के मालिक अरुण मेमन एवं राष्ट्रीय वितरक विजय रुपरा निवासी मदन महल जबलपुर द्वारा मोबाईल एप्लीकेशन एवं इंसोरेंस के नाम पर 10 लाख रुपए की ठगी की गई है। प्रार्थी ने एप्पल इन्टरप्राईजेंस के खाते में 10 लाख रुपए आर.टी.जी.एस. के माध्यम से आरोपी के खाते में जमा किये जो कि आरोपी द्वारा अपने आफिस बंद कर फरार हो गया कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की पता तलाश की जा रही थी जो कि जिले के पुलिस अधीक्षक के द्वारा उक्त फरार आरोपियों की पता तलाश हेतु विशेष टीम गठित कर जबलपुर रवाना किया गया जो कि टीम द्वारा आरोपी विजय रुपरा आ.हरदेव सिंह रुपरा संचालक एप्पल इन्टरप्राईजेंस को जबलपुर उसके स्वयं के निवास मदन महल से गिरफ्तार कर दुर्ग लाया गया है। मामले के संदर्भ में आरोपी विजय रुपरा से विस्तृत पूछताछ करने पर पता चला कि एप्स डेली साल्युशान प्राईवेट लिमेटेड का मालिक अरुण मेमन अरसे से फरार है एवं वर्तमान में अमेरिका में निवासरत है जिसके अधीन मैंने एप्पल इंटरप्राईजेंस नाम से कंपनी खोल रखी है कंपनी मोबाईल का एप्पलीकेशन बना कर बेचने वाली कंपनी है आफिस मीरा रोड़ मुम्बई में स्थित है एवं एप्पल इन्टर प्राईजेंस के नाम जबलपुर में स्थित 14/32 समर्थ अपार्टमेंट राधास्वामी सत्संग भवन के बाजू महानंदा मदन महल जबलपुर में स्थित है जिसका मालिक विजय स्वयं है। उक्त दोनों ने कई लोगों का मोबाईल इन्सोरेंस एवं सुधार करने बाबत् रकम लेकर उक्त कंपनी को ताला लगाकर फरार हो गये थे। जिसमें जबलपुर के आरोपी विजय रुपरा को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्यवाही थाना सुपेला से की जा रही है।

### समाज कल्याण विभाग घरौंदा योजना से 150 निःशक्तजनों को मिल रहा है लाभ

रायपुर, **(आरएनएस)।** राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के प्रावधानों के तहत प्रमस्तिष्क अंगाघात ,स्व-परायणता, बौद्धिक मंदता एवं बहुनिःशक्तता वाले निःशक्त जनों को जीवनपर्यंत आश्रय देने के लिए वर्ष 2013 से 'घरौंदा' योजना की शुरुआत की गयी है .इस योजना के तहत दिसंबर 2017 की स्थिति में 150 निःशक्तजनों को लाभान्वित किया जा रहा है .समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से प्रदेश के चार जिलों रायपुर,कोरिया,सरगुजा और बिलासपुर में आश्रय स्थल 'घरौंदा' का संचालन किया जा रहा है . राज्य शासन द्वारा इस योजना के लिए दो करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा गया है. राष्ट्रीय न्यास अधिनियम 1999 के प्रावधानों के तहत प्रमस्तिष्क अंगाघात ,स्व-परायणता ,बौद्धिक मंदता एवं बहुनिःशक्तता वाले बच्चों के पालकों को वैधानिक अभिभावक नियुक्त करने के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में अब तक 16 जिलों में स्थानीय समिति भी गठित की जा चुकी है तथा अन्य जिलों में समिति गठन की प्रक्रिया चल रही है .साथ ही पर्यवेक्षण और मूल्यांकन के लिए राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी भी गठित की

### नेकलेस आपके लुक को बनाएंगे और भी स्टाइलिश

ज्वैलरी महिलाओं की खूबसूरती बढ़ाने में मदद करती है। खास कर आपके लुक को एक नेकलेस पूरा करता है। नेकलेस आपके किसी भी आउटफिट्स के साथ मैच हो जाते है,साथ ही नेकलेस आपके जूलरी बॉक्स की सबसे क्लासी एक्सेसरी है।आप एक नेकलेस से अपने लुक को इंस्टेंट ही स्टाइलिश बना सकती हैं। हम आपको आज ऐसे ही कुछ नेकलेस के बारें में बता रहे हैं,जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेंगे...या फिर आप भी अपने लिए ट्रेंडी नेकलेस ढूंढ़ रही हैं तो टीवी बहुओं का ये कलेक्शन आपकी मदद कर सकता है। आप अपने को आउटफिट्स को स्टेटमेंट नेकपीसेज़ से स्टाइल कर सकती हैं।बोहो शीक लुक के लिए मौनी राय का ये नेकलेस एक बहुत अच्छा ऑप्शन है।आप मौनी राय का तरह इस बोहो शीक लुक को फॉलो कर स्टाइलिश दिख सकती है। हैवी लुक के लिए रुबिना दिलैक ये खूबसूरत गोल्डन चोकर बेस्ट है।आप इस लुक को फॉलो कर अपने आप को पार्टी में कुछ हटकर दिखा सकती हैं। ये हैवी लुक आपकी खूबसूरती और बढ़ा देगा। सुभी चंद्रा का ये मैटेलिक नेकलेस आप फ्यूजन लुक के लिए कैरी कर सकती हैं।इस लुक को आप अपने वेस्टर्न लुक के साथ कैरी कर सकती है। ये देखने में काफी स्टाइलिश नजर आता है।

### ब्लड प्रेशर और कैंसर जैसे गंभीर रोगों को कंट्रोल करता है ये छोटा सा फल

अंगूर मधुमेह और कैंसर रोगियों के लिए फायदेमंद है। अंगूर ग्लूकोज आयरन और खून की कमी को दूर करता है। चेचक के रोगी को अंगूर खिलाने से उसे आराम होता है। अंगूर आजकल हर सीजन में मिल जाता है। रस से भरा अंगूर एक सुगंधित लता वाला फल है। ज्यादातर लोगों को अंगूर पसंद होता है और मुलायम होने और ढेर सारे विटामिन्स से भरा होने के कारण बच्चे बूढ़े और जवान सभी इसे शौक से खाते हैं। अंगूर मधुमेह और कैंसर रोगियों के लिए फायदेमंद है। अंगूर में हेरेस्टिलवेन नामक पदार्थ पाया जाता है जो एण्टीआक्सीडेंट है। अंगूर खून में से शूगर की मात्रा को कम करता है। इसलिए मधुमेह रोगी के लिए भी अंगूर उपयोगी है। हरे अंगूरों की तुलना में काले अंगूरों में ओरोस्टिलवेन की मात्रा अधिक होती है खाने से खून का संचार बदलता है। एनीमिया होने पर अंगूर खाने से तुरंत फायदा होता है। अंगूर ग्लूकोज शुगर आयरन खून की कमी को दूर करता है। आधा कप अंगूर रस नित्य पीने से खून की कमी दूर होती है। अंगूर की पांच जातियां . तीन हरे और दो काले रंग की होती हैं। अंगूर में भस्म अम्ल शर्करा गौंद ग्लूकोज कषाय द्रव्य साइट्रिक हाइट्रिक रैसेमिक और मौलिक एसिड सोडियम और पोटेशियम और क्लोराइड मेग्नीशियम आदि होता है।

### दो युवतियों ने की अग्नि स्नान

महासमुंद, **(आरएनएस)।** कोमाखान के ग्राम उखरा अमेरा में दो युवतियों ने मिट्टी तेल छिड़ककर आग लगा ली। इससे दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार उखरा अमेरा निवासी बेनु चैरे की दो पुत्री मनीषा एवं गरिमा चैरे ने मंगलवार की सुबह 11 बजे मिट्टी तेल छिड़कर आग लगा ली। जब घर से धुआं उठा तो उनके बड़े पिता ने देखा, और घर के अंदर घुसा। जब जाकर देखा तो मनीषा और गरिमा की मौत हो चुकी थी।

### करौंदा है स्वास्थ्य के लिए लाभकारी

क्रैनबेरी यानी करौंदे में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है साथ ही इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा मौजूद होती हैं। जो अन्य फलों की तुलना में कई अधिक है। क्रैनबेरी विटामिन ई और विटामिन के का अच्छा स्त्रोत है। इसके अलावा इसमें कई दूसरे मिनरल्स भी होते हैं। यानी इसमें आयरन, जिंक, पोटैशियम, कैल्शियम आदि पाये जाते हैं। करौंदे के जूस का नियमित सेवन करने से कई तरह के स्वास्थ्य के लाभ हो सकते है क्रैनबेरी का रस भी आपका दिल का सबसे अच्छा दोस्त भी हो सकता है। आप इसे रोजाना आहार में शामिल कर सकते हैं क्योंकि यह हृदय रोगों के खतरे को कम करता है। इसके एंटीऑक्सीडेंट एथेरोस्क्लेरोसिस के विकास को रोकता है। क्रैनबेरी प्लेटलेट्स के उत्पादन को बढावा देता है। जिससे रक्त पतला बना रहता है। इससे हृदय रोग की कम संभावना होती है। क्रैनबेरी एक बेरी है जो लाल रंग की होती है और एक झाडी से मिलती हैं। इसे अमेरिका, यूरोपियन, इंग्लैंड आदि देशों में कच्चे रूप में, जैम, जैली आदि की तरह खाया जाता है। क्रैनबेरी फलों का जूस निकाल कर भी पीया जाता है। क्रैनबेरी के रस का प्रतिदिन सेवन करनेसे स्तन कैंसर से बचा जा सकता है। इसमें कम कैलोरी होने के कारण, यह वजन घटाने में भी मदद करता है। स्वस्थ प्रतिरक्षा प्रणाली का निर्माण कर हमें रोगों से लडने की शक्ति प्रदान करता है। करौंदे के रस का सेवन रक्तचाप को कम करता है। त्वचा की झुर्रियों के निर्माण की प्रक्रिया को रोक कर, झुर्रियों का आना कम करता है। क्रैनबेरी में एंटी-ऑक्सीडेंट और फ्योटो-पोषक तत्त्वों के साथ भरपूर है, क्रैनबेरी का रस उम्र सुरक्षात्मक है और उम्र से जुडी प्रकियाएं जैसे त्वचा का ढील होना और स्मरण शक्ति कम होने को रोकता है। यह त्वचा कोशिकाओं को मुक्त कण से रक्षा करता है जिससे त्वचा जवान और खूबसूरत बनी रहती हैं।

### खाने में लाल नहीं काली मिर्च का करें सेवन होंगे ये फायदे

काली मिर्च का करें सेवन। कैंसर को करता है खत्म। पेट की बीमारियों के लिए। हमारे देश भारत में कई तरह की मिर्च पाई जाती है। सभी के अपने अपने फायदे होते हैं। आज हम आपको काली मिर्च के फायदे के बारे में बता रहे हैं। कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसकी चंगुल से बाहर निकलना मुमकिन तो है लेकिन आसान नहीं है। काली मिर्च कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी की चपेट में आने से मदद करता है। काली मिर्च के नियमित सेवन से स्तन कैंसर की गांठ नहीं बनती है। काली मिर्च में विटामिन सी विटामिन ए फ्लैवोनॉयड्स कारोटेन्स और अन्य एंटी-ऑक्सीडेंट पाये जाते हैं। यह कैंसर को रोकने में मदद करते हैं। काली मिर्च टेस्ट बड्स से पेट को संकेत भेजता है और हाइड्रोक्लोरिक एसिड का उत्पादन करने के लिए प्रेरित करता है। इस एसिड से पेट की पाचन क्रिया सही होती है। नियमित काली मिर्च का सेवन करने से वजन पर नियंत्रण होता है। इसमें शक्तिशाली फाइटोन्यूट्रीसियंस होते हैं जो वसा की बाहरी परत को तोड़ने में सहायक होते हैं और इससे शरीर में अतिरिक्त वसा जमा नहीं हो पाती है। त्वचा के लिए काली मिर्च सिर्फ शरीर को आंतरिक ही नहीं बल्कि बाहरी रूप से भी फायदा करती है। काली मिर्च को दरदरा कूट कर चेहरे पर स्क्रब करने से त्वचा में चमक आती है। साथ ही ऐसा करने से चेहरे के कील-मुंहासे भी दूर होते हैं। काली मिर्च का इस्तेमाल बहुत ज्यादा न करें इससे सिर की त्वचा खराब भी हो सकती है।

### सरकारी जमीनों की पैमाइश कराकर सुरक्षित किये जाने के डीएम ने दिए निर्देश

फतेहपुर, **(आरएनएस)।** विनिमित क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी कुमार प्रशान्त की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मकानों के नक्शे नही बने है उनके नक्शे तुरन्त बनवाये जाये एवं उन्होने कहा कि नगर क्षेत्र में जो सरकारी जमीने है उनकी पैमाइस कराकर सुरक्षित किया जाये जिससे उनका सार्वजनिक उपयोग किया जा सके। उन्होने कहा कि विवादित जमीनों का दुबारा सर्वे कराकर पात्र व्यक्ति को जमीन का मालिकाना हक प्रदान किया जाये तथा बिना नक्शे के नये मकान न बनाये जाये और यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पायी जाती है तो सम्बन्धित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी एसपी आनन्द, उपजिलाधिकारी अवनीश राय, एई जल निगम, एक्ससीएन पीडब्लूडी, टाउन प्लानर सहित सम्बन्धित उपस्थित रहें।

### दोस्त की शादी में शामिल होने आए सेना के जवान की हर्ष फायरिंग में मौत

कानपुर, **(आरएनएस)।** चकेरी में एक दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने आए सेना के जवान की हर्ष फायरिंग में मौत हो गई। सोमवार रात 2 बजे हुए इस घटना के बाद पूरे समारोह में हड़कंप मच गया, खुशियां मातम में बदल गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम भेजने के साथ ही आरोपी युवक को हथियार समेत दबोच लिया है। जानकारी के मुताबिक रायबरेली के ग्राम पूरेमंगली के रहने वाले राजेंद्र दीक्षित का 28 वर्षीय बेटा कुलदीप सेना में था। उनकी तैनाती वर्ष 2011 में सेना में हुई थी। वर्तमान समय में वह अंबाला में तैनात था। परिवार मैं माँ सुमन,पत्नी ज्योति,एक छोटा भाई वैभव व तीन बहने है। कुलदीप की शादी चार माह पूर्व हुई थी। कुलदीप चकेरी में अपने दोस्त शिवप्रकाश की शादी समारोह में शामिल होने के लिए सोमवार को यहां आया था। देर रात समारोह में संजय मौर्या नाम के युवक ने बंदूक से एक.दो फायर कर दिए। इस पर पंडाल में मौजूद लोगों ने उसे फायरिंग करने से रोका लेकिन वह नहीं माना। आवेश में आकर उसने फिर बंदूक लोड की और फायरिंग कर दी। इसी बीच पास में ही खड़े कुलदीप को एक गोली लग गई। घटना के बाद समारोह स्थल पर अफरा.तफरी मच गई। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। आनन.फानन में पुलिस के साथ लोग कुलदीप को लेकर कांशीराम अस्पताल लेकर भागे,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीँ कुलदीप के बहनोई शशिकांत ने आरोपी युवक संजय पर हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने मंगलवार को बताया कि संजय ने रायफल छीनकर कुलदीप पर फायर झोंके जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले मैं मृतक कुलदीप के बहनोई की तहरीर पर चकेरी थाने मैं आरोपी संजय मौर्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### मातृ पितृ पूजन दिवस को भव्य रूप से मनाने का लिया संकल्प

सहारनपुर,**(आरएनएस)।**श्री गौ देवी मंदिर गौ शाला नुमाइश कैम्प में एक आवश्यक बैठक योग वेदांत सेवा समिति के अध्यक्ष श्री कामेश्वर सिंह कपूर की अध्यक्षता ओर विजयकान्त चैहान संस्थापक वन्दे मातरम मिशन एक चिंगारी ट्रस्ट के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में 14 फरवरी को मातृ पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम को भव्य और ऐतिहासिक भारतीय परंपरा अनुसार मनाए जाने की तैयारियों पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कपूर ने बताया कि भारतीय संस्कृति में बच्चों को माता पिता की सेवा और गुरुजनों के बताये ज्ञान के मार्ग पर चलने की शिक्षा गुरुकल शिक्षा केंद्रों पर बचपन से ही सिखलाई जाती है योग वेदांत सेवा समिति पूरे विश्व मे 14 फरवरी को हर वर्ष पूज्य बापू की प्रेरणा से लाखों कार्यकताओ ओर भक्तो के साथ आश्रम मंदिर और स्कूल कॉलेजों में मातृ पितृ पूज। दिवस को बहुत धार्मिक आध्यात्मिक भारतीय सनातन धर्म परम्परा अनुसार भव्य रूप से मनाते है इस वर्ष भी 14 फरवरी को श्री श्री गौ देवी मंदिर गौ शाला नुमाइश कैम्प में योगवेदांत सेवा समिति के समस्त जिले के भक्त गन सेवक सामूहिक रूप से मिलकर मन्त्रो ओर विधि से मातृ पितृ पूजन दिवस को भव्य रूप से मनायेंगे। विजयकान्त चैहान ने बताया कि 14 फरवरी के मातृ पितृ पूजन दिवस की समस्त तैयारी जो गयी है सेकड़ो माता पिता और उनके बच्चे इस भव्य कार्यक्रम भाग लेंगे विजयकान्त ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आज की युवॉ पीढ़ी को अपने सनातन सँस्कार ओर परम्पराओ से अवगत कराना है जहाँ आज की युवॉ पीढ़ी वेलेंटाइन के दिन को मौज मस्ती अश्लिलता के रूप में घर परिवार से चोरी चोरी छुपते हुए अश्लीलता की सारी हदें पार कर अपने व परिवार के सम्मान को नीलाम करते है वही वेलेंटाइन के नाम पर भारतीय संस्कृति व युवॉ पीढ़ी को बर्बाद करने के अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र का मोहरा बन रहे है जो घोर निंदनीय व भारतीय परम्पराओ के खिलाफ है। 14 फरवरी को ही शहीदे आजम भगतसिंह राजगुरु सुखदेव को अग्रेजो द्वारा फांसी की सजा सुनाई गई थी इसलिए 14 फरवरी को शहीदों को नमन करते हुए नमन दिवस के रूप में मनाएंगे। इस दौरान ज्ञान चंद राजकुमार विवेक प्रताप रवि ममता चानना कृष्णा देवी आशा चैहान नितिन बाठला रमा सेतिया अजय कुमार नरेंद्र कुमार सच्ची कुमार विनोद कुमार आशीष कुमार आदि सेवक भाइयो ने भी मातृ पितृ पूजन दिवस को भव्य रूप से मनाने का संकल्प लिया।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु General Knowledge

- मराठा साम्राज्य का संस्थापक कौन था। शिवाजी
- भागवद्गीता योगवशिष्ठ उपनिषद् एवं रामायण का फारसी अनुवाद किसने करवाया। दाराशिकोह
- धरमट का युद्ध किसके बीच हुआ। दाराशिकोह एवं औरंगजेब के मध्य
- औरंगजेब को किस नाम से जाना जाता था। जिंदा पीर
- शिवाजी द्वारा लगाए गए दो कर कौन से थे। सरदेशमुखी
- लम्पट मूर्ख किसे कहा जाता था। जहांदार शाह को
- रंगीला बादशाह किसे कहा जाता था। मुहम्मदशाह को
- ईरान का नेपोलियन किसे कहा गया। नादिरशाह को
- मुगल दरबार में आने वाला प्रथम अंग्रेज कौन था। कैप्टन हॉकिन्स
- गुरुमुखी लिपि का आरंभ किसने किया। गुरु अंगद ने
- खालसा पंथ की स्थापना किसने की। गुरु गोविन्द सिंह ने
- फोर्ट विलियम कॉलेज की स्थापना किसने की। लार्ड वेलेजली ने
- भारत में पहली बार सार्वजनिक निर्माण विभाग की स्थापना किसने की। लार्ड डलहौजी ने
- अजमेर में मेयो कॉलेज की स्थापना किसने की। लॉर्ड मेयो
- भारत के उद्धारक की संज्ञा किसे दी गई। लॉर्ड रिपन
- शिमला समझौता कब हुआ। 1972
- स्वतंत्र भारत के प्रथम गवर्नर जनरल कौन था। लॉर्ड माउंटबेटन
- तात्या टोपे का वास्तविक नाम क्या था। रामचन्द्र पांडुरंग
- इंग्लैंड में भारतीय सुधार समिति की स्थापना किसने की। दादा भाई नौरोजी
- जलियांवाला बाग हत्याकांड में जनरल डायर का सहयोग करने वाले भारतीय का नाम बताओ। हंसराज
- मेवाड़ में भील आंदोलन का नेतृत्व किसने किया। मोतीलाल तेजावत
- साइमन कमीशन को और किस नाम से जाना जाता है। वाइट मैन कमीशन
- प्रथम गोलमेज सम्मेलन कब हुआ। 12 सितम्बर 1930
- तरुण स्त्रीसभा का स्थापना कहां की गई थी। कलकत्ता
- मनुष्य ने सर्वप्रथम किस धातु का प्रयोग किया। तांबा
- भारत का भूगोल नामक पुस्तक किसने लिखी। टॉलमी
- सुभाष चंद्र बोस का सर्वप्रथम नेताजी किसने कहा था। एडोल्फहिटलर
- महात्मा गांधी को अधनंगा फक्कीर किसने कहा था। चर्चील
- बल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि किस आंदोलन के बाद प्रदान की थी। बारदोली सत्याग्रह
- जय हिंद का नारा किसने दिया था। सुभाष चंद्र बोस
- भारत को तलवार के बल पर विजित किया गया है और तलवार के बल ही इसकी रक्षा की जाएगी यह कथन है। लॉर्ड एल्गिन
- जनवरी 1879 में ब्रिटेन की महारानी विक्टोरिया को किस उपाधी से सम्मानित करने के लिए दिल्ली दरबार का आयोजन किया गया। कैसर.ए.हिंद
- चौदहवीं लोकसभा के अध्यक्ष कौन थे। सोमनाथ चटर्जी
- सरिस्का में बाघों के विलुप्त होने की घटना की जांच हेतु केंद्र सरकार ने किसकी अध्यक्षता में कार्यदल बनाया है। सुनिता नारायण